आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 14.09.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन–1905 की समीक्षा की। जन शिकायतों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।
- उत्तराखंड में मदरसों की नई व्यवस्था लागू होने के बाद 179 मदरसे बंद, 19 सील, 134 ने मान्यता के लिए किया आवेदन।
- चम्पावत जिले के सीमांत क्षेत्रों में सशस्त्र सीमा बल ने नशा मुक्त अभियान चलाकर ग्रामीणों और विद्यार्थियों को जागरूक किया।
- प्रदेश में गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ। विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित की गईं गणपति की भव्य प्रतिमाएं।

मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन–1905 की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जन शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 30 दिन से अधिक लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देने और 180 दिन से अधिक पुराने प्रकरणों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जन शिकायतों के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने कई शिकायतकर्ताओं से फोन पर बातचीत कर निस्तारण की वास्तविक स्थिति जानी।

हिंदी दिवस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के दौर में हिंदी को विज्ञान, तकनीक, शोध और डिजिटल दुनिया की भी मजबूत भाषा बनाना होगा। उन्होंने युवाओं से नई तकनीक और अन्य भाषाओं के साथ हिंदी और मातृभाषाओं पर गर्व बनाए रखने का आह्वान किया। आज मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आयोजित हिंदी दिवस समारोह में उन्होंने साहित्यकारों, लेखकों, भाषाविदों और हिंदी प्रेमियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक पहचान की सशक्त अभिव्यक्ति है। श्री धामी ने कहा कि गढ़वाली, कुमाउंनी, जौनसारी, भोटिया और थारू सहित उत्तराखंड की लोकभाषाएं, राज्य की

समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हैं। राज्य सरकार हिंदी के साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं, साहित्य और साहित्यकारों के संरक्षण व सम्मान के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

मदरसे

उत्तराखंड में मदरसों की मान्यता और संचालन को लेकर नई व्यवस्था लागू होने के बाद पहले से पंजीकृत 452 मदरसों में से 179 बंद हो चुके हैं और 19 को सील किया गया है। वहीं, 134 मदरसों ने शिक्षा विभाग में मान्यता के लिए आवेदन किया है, जबकि 30 को मान्यता मिल चुकी है। राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण के अनुसार अब तक 35 अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को मान्यता दी गई है, जिनमें 33 मदरसे और दो अन्य संस्थान शामिल हैं। हरिद्वार में सबसे अधिक 270 मदरसे पूर्व में पंजीकृत थे, जिनमें से 102 बंद और चार सील किए गए हैं। प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रोफेसर सुरजीत सिंह गांधी ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत मदरसों में आधुनिक शिक्षा अनिवार्य और धार्मिक शिक्षा ऐच्छिक होगी। पहली से 12वीं तक निर्धारित पाठ्यक्रम लागू होगा, जबकि धार्मिक शिक्षा विद्यालय समय के बाद दी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि मान्यता संबंधी लंबित मामलों का निर्धारित नियमों के अनुसार परीक्षण किया जा रहा है।

जनसुनवाई

हरिद्वार के मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में आज आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित 38 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 18 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतें संबंधित विभागों को भेजकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, विद्युत, अतिक्रमण, जलभराव, पेयजल और राशन कार्ड से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित और संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए।

भूमि अधिग्रहण

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने राष्ट्रीय महत्व की सड़क परियोजनाओं से जुड़े भूमि अधिग्रहण के लंबित मामलों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। आज कलेक्ट्रेट में सीमा सड़क संगठन और राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक में उन्होंने सीमांकन, परिसंपत्तियों के मूल्यांकन और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। जिलाधिकारी ने भू—स्वामियों के अधिकारों व हितों का ध्यान रखते हुए मुआवजा भुगतान से जुड़ी पत्रावलियों का पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान स्थानीय लोगों की व्यावहारिक समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। जिलाधिकारी ने पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप आधारभूत ढांचे के विकास पर भी जोर दिया।

## नशा मुक्त अभियान

चम्पावत जिले के सीमांत क्षेत्रों में आज सशस्त्र सीमा बल– एसएसबी ने नशा मुक्त अभियान चलाकर ग्रामीणों और विद्यार्थियों को जागरूक किया। पंचम वाहिनी के कमांडेंट सुरेंद्र विक्रम के नेतृत्व में मंडलक और रोसाल क्षेत्रों में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत नशा मुक्त अभियान और खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों के बीच नशामुक्ति विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। कमांडेंट सुरेंद्र विक्रम ने युवाओं को शिक्षा और खेलों से जोड़कर नशामुक्त व स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

## गणेश चतुर्थी

प्रदेश में आज गणेश चतुर्थी महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में गणपति की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गईं। बागेश्वर के प्रसिद्ध बाबा बागनाथ मंदिर में सात दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पहले दिन सरयू घाट से बागनाथ मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इसके बाद विधि–विधान से भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई। महोत्सव का आयोजन स्वर्णकार संघ की ओर से किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष पारस वर्मा ने बताया कि सात दिनों तक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

वहीं, हरिद्वार के कई स्थानों पर आज गणपति की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गईं और विधिवत पूजा–अर्चना के साथ गणेश उत्सव की शुरुआत हुई। कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में विधि–विधान से भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। अनंत चतुर्दशी पर गणपति विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन होगा।

## नंदा देवी महोत्सव

अल्मोड़ा में कल से शुरू होने वाले ऐतिहासिक मां नंदादेवी मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। आज नंदादेवी मंदिर समिति की बैठक में मेले की व्यवस्थाओं और धार्मिक अनुष्ठानों को लेकर चर्चा की गई। समिति के पदाधिकारियों ने कदली वृक्षों का निरीक्षण भी किया। व्यवस्थापक अनूप शाह ने मेले के तहत होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की जानकारी दी।

जागरूकता कार्यशाला

पौड़ी गढ़वाल के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोटागढ़, कल्जीखाल में मिशन शक्ति के तहत आज एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को महिला व बाल सुरक्षा, लैंगिक अपराध, घरेलू हिंसा और बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी गई। मिशन शक्ति वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासिका लक्ष्मी रावत ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं की जानकारी दी।